कह देना चाहता हूं कि सरकार के इरादों पर आप विश्वास करें, सहयोग करें तभी हम लोग इस काम को पूरा कर सकेंगे । मैं अब सदन से निवेदन करता हूं कि इस बिल को पारित किया जाए ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHYAM LAL YADAV): The question is:

'That the Bill |to provide for the establishment of a Board for the planning and integrated implementation of measures for the control of floods and bank erosion in the Brahmaputra Valley and for matters connected (therewith, be taken into consideration."

*The motion was adopted.*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHYAM IiAL YADAV): We sha' now take up clause by clause consideration of the Bill.

*Clauses* 2 *and* 3 *were (Added to the Bill.*

*Clause* 4—*Establishment and incorporation of the Brahmaputra* Board

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHYAM LAL YADAV): There is one amendment to clause No. 4. Are you moving it Shri Kesava Rao?

SHRI V. C. KESAVA RAO (Andhra Pradesh): Yes. Why not? I move:

3. "That at page 3, after line, 7, the following be *inserted,* namely:—

'(f) three members of Parliament of whom two shall be elected by the Lok Sabha from amongst the members of the Lok Sabha and one by the Rajya Sabha from amongsjt tts members.'

Sir, as regards clause 4 of the Bill, I want to say that on every statutory Board, Parliament is generally represented. I do not know why on this Brahmaputra Board, Parliament has not been given a place. My amendment is very simple, as will be seen above. I do nott know why the Minister has excluded this important thing. He will have to accept it because on every Board the Members of Parliament are represented, both the Houses of Parliament. This is a very simple thing. I expect that the Minister will accept my amendment.

The question *was proposed.*

**श्री भानु प्रताप सिंह** : मुझे यह स्वीकार नहीं है, इसको स्वीकार करना कठिन है । आपसे प्रार्थना है कि इसको आप वापस ले लें ।

**श्रीमती सरोज खापर्डे** (महाराष्ट्र) : जरा सी बात भी आपको स्वीकार करना कठिन है । कमाल है ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI (SHYAM LAL YADAV): Are you willing to withdraw?

SHRI V. C. KESAVA RAO: Sir, after some time he has to give representation to Members of Parliament on this Board. In*ead of bringing forward an amendment then, he can straightaway accept my amendment.

**श्री भानु प्रताप सिंह** : देखिए, कठिनाई यह है कि यह बोर्ड जो कांस्टीट्यूट हो रहा है वह केवल टेक्निकल परसोनेल का हो रहा है, एक्सपर्टस का हो रहा है । अभी इस स्टेज पर कोई इसमें आवश्यकता नहीं है कि टेक्निकल लोगों को भी रखा जाय । आगे चलकर जब आवश्यकता होगी तो टेक्निकल लोगों को रखा जायगा ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHYAM LAL YADAV): Are you withdrawing it?

SHRI V. C. KESAVA RAO: Sir, I do not press it, and I withdraw it.

•*Amendment* (No. 3) tyas, *by leave, withdrawn.*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHYAM LAL YADAV): The question is:

[Shri Shyam Lai Yadav]

"Th«jt clause 4 stand part of the Bill."

*The motion was adopted. Clause* 4 *was added to the Bill.*

*Clauses* 5 to 30 *were added to the Bill*

*Clause* 1—*Short title and commencement*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHYAM LAL YADAV): There is one amendment to clause 1. Yes, Mr. Minister.

SHRI BHANU PRATAP SINGH: Sir, I move:

2. 'That at page 1, line 5, *jor* the figure '1978' the figure '1979* be *substituted.'*[9]

*The question was put and the motion was adopted*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHYAM LAL YADAV): The question is:

That clause 1. as amended, stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clause* 1, *as amended, was added to the Bill.*

*Enacting Formula*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHYAM LAL YADAV): There is one amendment to the Enacting Formula. Yes, Mr. Minister.

SHRI BHANU PRATAP SINGH: Sir, I move:

1. "That at page 1, line 1, for the word 'Twenty-ninth' the word 'Thirtieth' be substituted/'

*The question was put and the motion was adopted.*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHYAM LAL YADAV): The question Is:

"That the Enacting Formula, as amended, stand par* of the Bill."

The *motion was* adopted.

*The Enacting Formula*> *as amended, was added to the Bill. The Title was* added to *the Bill.*

SHRI BHANU PRATAP SINGH: Sir, I move:

"That the Bill, as amended, be passed."

The *question was put and the motion was adopted*

**HALF-AN-HOUR DISCUSSION ON POINTS ARISING OUT OF ANSWER TO UNSTARRED QUESTION 15 GIVEN ON 20TH FEBRUARY, 1979, RE RAID ON FARM HOUSE OF FORMER PRIME MINISTER IN CHHATARPUR**

**श्री प्रकाश महरोत्रा (उत्तर प्रदेश)** : आदरणीय उपसभाध्यक्ष जी, जिस प्रश्न को लेकर यह हाफ-एन-आवर डिस्कशन शुरू हुआ है, अगर उसका उत्तर आप देखें तो उससे एक चीज बहुत स्पष्ट है और वह यह है कि श्रीमती इन्दिरा गांधी ने अपने मकान पर कुछ नहीं छुपाया था। किन्तु यह जो सत्य के पुजारी बैठे हुए हैं जिन्होंने गांधी की समाधि पर शपथ ली थी कि वे तथ्यों और सत्य बात को छुपा रहे हैं। यह चीज बहुत स्पष्ट है, जो उत्तर आया है, उस उत्तर से श्रीमन्, अगर आप फैक्टस को देखें, तो आप यह देखेंगे कि मनीपुर सरकार ने जो एक त्रिखा कमिशन बनाया उसके सामने छतरपुर गांव के प्रधान का बयान आया। वह बयान जिसका कोई रेलेवेन्स उस कमिशन के सामने नहीं था, उस बयान को दिलवा कर उसको आधार बना कर और श्रीमती गांधी के फार्म हाउस पर रेड किया गया। आधार क्या था? बयान था ग्राम प्रधान का। कहां पर? मनीपुर के कमिशन के सामने जिससे इसका कोई सम्बन्ध नहीं है। इससे यह साफ है कि यह बयान जान-बूझ कर उससे दिलवाया गया।

श्रीमन्, दूसरी बात यह है कि मैं

यह जानना चाहता हूं कि जो यह गांव प्रधान ने बयान दिया, उस बयान के पहले क्या कमीशन के सामने उन्होंने कोई एफिडेविट दिया है ? अगर कोई एफिडेविट दिया है, तो श्रीमन् मैं निवेदन करता हूं कि वह एफिडेविट पढ कर यहां सुनाया जाए, अथवा सभा के पटल पर रख दिया जाए ।

तीसरी बात यह है कि इस प्रधान का जो एविडेंन्स है, उसको लेते हुए कोई केस समरी तो बनाई गई होगी । तो मैं यह जानना चाहता हूं कि वह केस समरी क्या है, कब पेश हुई और वह किसके सामने पेश हुई है ?

श्रीमन्, मैं यह जानना चाहता हूं कि वह जो समरी बनी है .....

**श्रीमती सरोज खापर्डे** (महाराष्ट्र) : मिनिस्टर साहब तो सुन नहीं रहे हैं, जवाब क्या देंगे ?

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री** (श्री जुल्फिकारउल्ला) : आप फरमाइये तो, मैं सब सुन रहा हूं ।

**श्री प्रकाश महरोत्रा** : चलिये, चौधरी साहब भी आ गये । बड़ा अच्छा हुआ ।

**श्रीमती सरोज खापर्डे** : चौधरी साहब की तो हम प्रतीक्षा भी कर रहे थे ।

**श्री प्रकाश महरोत्रा** : दूसरी बात मैं यह जानना चाहता हूं कि ....

**श्रीमती सरोज खापर्डे** : अपनी बात दुबारा कह दीजिये ।

**श्री प्रकाश महरोत्रा** : अगर चौधरी साहब कहें तो कह दूं । श्रीमन्, मैं फैक्ट्स की बात कर रहा था । जो उत्तर मिला है प्रश्न का, उसमें जो फैक्ट्स दिये गये हैं, उससे यह पता लगता है कि छतरपुर के गांव प्रधान का एक बयान विखा कमिशन जो जनता पुर सरकार ने बनाया था, उसके सामने दिया गया और उसके आधार पर यह सर्च की गई है । मैं जानना चाहता था कि वह बयान जो उस कमीशन के सामने दिया गया उसकी इस सर्च मे रिलेवेंस क्या थी ? पहली बात तो यह है । दूसरी बात यह है कि क्या वह जो बयान दिया गया उसके पहले कमीशन के सामने उस प्रधान ने कोई एफिडेविट दिया है ? अगर वह एफिडेविट दिया है तो मैं निवेदन करता हूं कि वह एफिडेविट यहां पढ़ कर सुनाया जाए अथवा सभा-पटल पर वह एफिडेविट रखा जाए, वह एफिडेविट क्या है जिसकी बेसिस पर सर्च आर्डर हुआ है-- जिसने जो बयान दिया था । इस सम्बन्ध में दूसरी बात मान्यवर, यह है कि जो प्रधान का इविडेंस हुआ है उस कमीशन के सामने, उस को लेते हुए कोई केस समरी बनायी गयी होगी तो वह जो केस समरी है उस को भी कृपा करके यहां सदन में पढ़ाया जाए । अगर उसे देखेंगे मान्यवर, तो उससे साफ जाहिर है कि उस प्रधान को लिखा पढ़ाकर, उसे प्रलोभन देकर उससे बयान इसलिए दिलाया गया कि उसके आधार पर वह सर्च .....

**उप प्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री** (श्री चरण सिंह) : किस आधार पर कह रहे हैं ?

**श्री प्रकाश महरोत्रा** : जिस आधार पर उत्तर दिया है उसी उत्तर की पृष्ठभूमि पर । जरा समझने की कोशिश कीजिए ।

मान्यवर, दूसरी बात अपने उत्तर में यह भी कहा है कि एक और जगह इस तरीके की सूचना मिली थी । मैं यह भी जानता हूं कि आप कानून की शरण लेंगे और यह कहेंगे कि हम डिस्क्लोज नहीं करते हैं कि वह हमारा आधार क्या था । इस सम्बन्ध में मैं यह जानना चाहता हूं कि उस व्यक्ति ने जो बयान में कहा है कि दूसरे सोर्स से हमको सूचना मिली है, तो उस व्यक्ति ने कब यह सूचना दी आपको और क्या सूचना दी और किस को यह सूचना दी, और यह जो सूचना दिया, वह जो प्रधान का बयान है, उसके

[श्री प्रकाश महरोत्रा]

पहले क्या यह सूचना आप को मिली या यह सूचना उसके बाद आपको मिली ? मंत्री महोदय के पास उस का कोई रिकार्ड होगा, अगर वह रिकार्ड है तो मान्यवर, उस को सभा-पटल पर रखा जाए और उसमें अगर आपको कोई आपत्ति है तो आप सभापति जी को उस रिकार्ड को दिखला दें । चौथी बात, एक विशेष आपसे निवेदन करना है । मैं आपको यहीं से नहीं जानता हूं, उत्तर प्रदेश से जानता हूं, और यह भी जानता हूं कि आप उन व्यक्तियों में से हैं मान्यवर, कि जिनके खिलाफ देश में कोई एक आदमी यह नहीं कह सकता कि आप बेईमान हैं। आप न्यायप्रिय हैं, मान्यवर। आपने बहुत सी बातें लोक सभा में अभी कही थीं और मुझे पुरा विश्वास है कि उन बातों को आप भूले नहीं हैं । मान्यवर, यह कौनसा स्टैंडर्ड है कि एक ग्राम प्रधान रिपोर्ट के ऊपर तो सर्च करा दी गई और एक साल से इस सदन में 100 एम०पीज़ रोज़ इस बात को कह रहे हैं कि कांति देसाई ने लाखों करोड़ों रुपया कमाया है, आप उसकी इंक्वायरी कराइये । यह तो स्वाल आपने स्वयं किया है । मैं आपका ध्यान इस तरफ दिला रहा हूं कि आपने कहा है Interruptions) तो मान्यवर, मेरा आपसे यह निवेदन है कि यह कौन-सा डबल स्टैंडर्ड राजनीति में आप चला रहे हैं कि ग्राम प्रधान के कहने पर एक जगह सर्च हो रही है और इतने एम०पीज़ जिस विषय को रोज उठा रहे हैं, उसमें आपके प्रधान मंत्री जी मौन बैठे हैं ? मान्यवर, आप कहते हैं, रिपोर्ट पर आप ऐक्शन लेते हैं। तो मैं आपके सामने यह रिपोर्ट कर रहा हूं . . *Interruptions*) मान्यवर, आपने ग्राम प्रधान की रिपोर्ट पर सर्च कराई? अब मैं यह रिपोर्ट कर रहा हूं कि गुजरात में खसौल एक जगह है अहमदाबाद के नजदीक । उस जगह पर कांति देसाई ने अभी 5 या 6 लाख रुपए का एक नया मकान बनाया है और उस मकान के गृह प्रवेश के वक्त प्रधान मंत्री जी स्वयं वहां पर गए थे और उस मकान में एक अंडरग्राउण्ड वाल्ट है जिसमें लाखों रुपये की सम्पत्ति उन्होंने रखी है । तो मैं यह मांग करता हूं कि वहां पर सर्च कराई जाए, उसका इंवेस्टिगेशन किया जाए । और मैं जानता हूं और मैं ऐसा मानता हूं कि आप निष्पक्ष आदमी हैं । ग्राम प्रधान के कहने पर अगर आपने यह किया है तो आप यह इंक्वायरी करेंगे और सर्च करायेंगे मेरे कहने पर ।

**श्रीमती प्रतिभा सिंह** (बिहार) : तो फाइनेंस मिनिस्ट्री का क्या होगा अगर इंक्वायरी करायेंगे तो और सर्च करायेंगे तो ।

(*Interruption*)

SHRI YOGENDRA MAKWANA (Gujarat): We want to test the honesty and integrity of Chaudhry Charan Singh. (*Interruptions*).

**श्री प्रकाश महरोत्रा** : मान्यवर, एक झूठ को छिपाने के लिये इस देश में सौ झूठ बोले जा रहे हैं । आप देखें कि यह कहा गया कि एक गाड़ी आयी जब पुलिस पार्टी वहां थी और वह एक ट्रंक ले कर भाग गयी । उस में लाखों रुपया था । ऐसा लगता है कि जो फिल्म आज कल यह देखते हैं जिस में यह होता है कि विलियन एक सूटकेस में तमाम पैसा ले कर भागा जा रहा है वही नाटक यहां दिखलाने का प्रयास किया गया है ।

(*Interruption*)

**उपसभाध्यक्ष** (श्री श्याम लाल यादव) : कृपया शान्त रहें ।

**श्री प्रकाश महरोत्रा** : मान्यवर, वहां सर्च के बाद एक पंचनामा बना था और उस पंचनामे पर दो विटनेसेज के दस्तखत थे । एक विटनेस हैं श्री जगत सिंह जिन्होंने उस पंचनामे पर दस्तखत किये थे और अगर चौधरी चरण सिंह साहब ने न देखा हो तो वे इस अखबार को पढ़ लें, दो कालम का अ

उन का स्टेटमेंट निकला है जिस में उन्होंने यह बतलाया है कि यह सब आफ्टर थाट है और सब आई वाश है । वहां न कोई गाड़ी आयी है न कोई ट्रंक गया । पंचनामे पर जिन्होंने दस्तखत किये हैं उन का बयान अखबार में आया है और आप कहते हैं कि कोई गाड़ी आयी थी और वह एक ट्रंक ले कर भाग गयी । दिसम्बर के महीने से अखबार में आप ने पढ़ा होगा सर्वेलेंस हो रही है उस मकान की, उस के इर्द गिर्द, और यह कहते हैं कि वहां खुदाई की जा रही थी। प्राइमा-फेसी केस सर्वे के बाद हुआ और उस के बाद हम ने वहां पर रेड कराया । इतने दिन से पुलिस चारो तरफ से मकान घेरे थी । उस के बाद रेड कराया गया और उस के बाद उन के सामने गाड़ी में वह ट्रंक ले कर भाग गये और पुलिस वाले देखते रहे । चौधरी साहब ने यह बात शायद सही कही थी कि यह पूरी सरकार इन्कांपिटेंट है और नपुंसक है । यह बात यहां पर सही उतरेती है ।

*Interruptions*) हां, हां, इंपोटेंट है ।

दूसरी बात, मान्यवर, कहा जाता है कि वहां खोदा जा रहा था इसलिये यह शंका उत्पन्न होती है । जो पार्टी वहां पर सर्च करने गयी उस ने वहां की एक एक चप्पा जमीन देखी और मेटिल डिटक्टर वहां ले कर गयी थी । वहां मैदान में न कोई जगह खुदी हुई थी और न कोई फर्श खुदा हुआ था । पुलिस की खुद की यह रिपोर्ट है कि वहां कोई इस तरह की बात नहीं पायी गयी ।

**श्रीमती सरोज खापर्डे** : क्या करें । आदत से लाचार हैं ।

**श्री प्रकाश महरोत्रा** : फिर आप कहते हैं कि ट्रंक गाड़ी में ले कर भाग गये । तो यह आप को कैसे मालूम कि उस ट्रंक में श्रीमती इन्दिरा गांधी का पैसा था । कोई गाड़ी सड़क से नहीं जा रही थी । और जब इतना पता लगा कि इन्दिरा गांधी का पैसा था उसमें तो आप के लोग कैसे निकम्मे थे कि उस का पीछा नहीं किया गया । उस का पता अभी तक नहीं लगाया । तो मैं जानना चाहता हूं कि अगर वह गाड़ी गयी तो उस का नम्बर क्या था और उस गाड़ी में कौन कौन लोग थे । आप इस के बारे में कुछ प्रकाश डालें ।

(*Interruptions*) मान्यवर, यह कहते हैं कि खोदा गया तो मै जानना चाहता हूं कौन व्यक्ति उसको खोद रहा था आपने इसका पता लगाने की कोशिश की ? आपने उस आदमी को पकड़ा जो खोद रहा था या श्रीमती इन्दिरा गांधी खोद रही थी । अगर कोई व्यक्ति खोद रहा था तो आप बताइये कि कौन व्यक्ति खोद रहा था और उसको आपने पकड़ा या नहीं पकड़ा और उसका कोई बयान आपने लिया या नहीं ? फिर सबसे बड़ी बात यह है कि आपने सर्च मीमो बनाया होगा तो उसमें कहीं इसका जिक्र किया गया है कि गाड़ी इस तरह की आई और वह ट्रंक लेकर भाग गई ? यह सब लगता है कि एकदम झूठा केस है।

आप यह कहते हैं कि सरकार से इसका कोई संबंध नहीं है यह तो डायरेक्टर आफ इन्वेस्टीगेशन ने बना दिया । लगता है बड़ी लचर सरकार है । पहली बात तो यह है कि डायरेक्टर आफ इन्वेस्टीगेशन की इतनी हैसियत है, उसकी इतनी हिम्मत है कि वह बिना सरकार से पूछे श्रीमती इन्दिरा गांधी के फार्म पर रेड डाले, बिना मिनिस्टर की स्वीकृति के रेड डाले । आपके अफसर गलत काम करते रहे

[श्री प्रकाश मह रोत्रा]

और आप चुप बैठे रहे यह आपकी कैसी सरकार है । इससे जाहिर होता है कि आपके अफसर कैसे हैं और आप कैसे हैं। Interruptions) असलियत क्या है यह आप बतायें । बहुत से हमारे माननीय सदस्य उस वक्त जिस वक्त रेड हो रही थी, उपस्थित थे । जो अफसर वहां मौजूद थे उनसे सदस्यों ने पूछा किस के कहने पर तुम यह रेड कर रहे हो तो उन्होंने कहा कि हम क्या करें हम तो छोटे लोग हैं । उन्होने गाली का भी प्रयोग किया । मैं इसको कहना असभ्य समझता हूं इसलिये नहीं कह रहा था । उन्होंने कहा कि इस कम्बखत सरकार ने, उन्होंने डिपार्टमेंट का भी नाम लिया, कहा है, उनके नोटिस पर ही हम लोगों को यह करना पड़ रहा है। आप कहते हैं कि हमें कोई जानकारी इस संबंध में नहीं है।

मान्यवर, एक बात और है । इन्वेस्टीगेशन किया गया है अंडर सेक्शन 132 आफ द इन्कम टैक्स एक्ट 1961 । श्रीमती इन्दिरा गांधी ने अपना इन्कम टैक्स रिटर्न फाइल कर रखा है । उन्होंने अपना वेल्थ टैक्स रिटर्न फाइल कर रखा है । मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि इन्कम टैक्स आफिस से इस तरह का कोई नोटिस आया है सर्च के पहले । इस संबंध में कोई सर्च मिमो है । जरूर कोई सर्च मिमो बनाया गया होगा और अगर बनाया गया है तो मैं चाहता हूं कि उसको आप यहां पढ़ कर सुनाएं ।

मान्यवर, एक बात पूरे इन्सीडेंस से साफ है और वह यह कि धर्मराज लोग यहां बैठे हुए हैं फिर भी मिथ्या राज यहां चल रहा है । इनका वास्तविकता से कोई संबंध नही है मैं बताना चाहता हूं कि जो रेड हुई है एकदम पोलिटिकल मोटिवेटिड है और पूरा यास चरित्र हनन का और चरित्र हत्या का है । श्रीमती इन्दिरा गांधी तो सीता की तरह अग्नि की परीक्षा से निकल गई है लेकिन मान्यवर, यह जो आपका नाटक है यह पब्लिक के सामने एक्सपोज हो गया है । इन सब चीजों से श्रीमती इन्दिरा गांधी की पोलिटिकल हत्या नहीं होने वाली है बल्कि आप लोगों की पोलिटिकल हत्या होने वाली है।

**श्री जुल्फिकारउल्ला** : सर,.....

**श्री कल्प नाथ राय** (उत्तर प्रदेश) : चौधरी साहब जवाब दें।

(*Interruption*)

**श्री जुल्फिकारउल्ला** : मैं हाजिर हूं । आप जवाब सुनिये ।

(*Interruption*)

**श्री कल्प नाथ राय** : जब केन्द्रीय मंत्री मौजूद हैं, वित्त मंत्री मौजूद हैं तो हम उनका जवाब सुनेंगे ।

**श्री अनन्त प्रसाद शर्मा** (बिहार) : इन्होंने जो जवाब दिया है वह हम सुन चुके हैं । यह उन्हीं को दोहरायेंगे । अब क्या जवाब देंगे ।

(*Interruption*)

**श्री जुल्फिकारउल्ला** : जिन बातों को आपने काटा है उन्हीं बातों का जवाब दूंगा।

(*Interruptions*).

**श्री कल्प नाथ राय** : यह कोई तरीका नहीं है । वित्त मंत्री जवाब दें ।

(*Interruptions*)

**श्री जुल्फिकारउल्ला** : आपने सारा जोर इस बात पर दिया है ।

*Interruptions*)

**श्री कल्प नाथ राय** : श्रीमन् वित्त मंत्री यहां पर मौजूद हैं । हमें जो तकलीफ है वह चौधरी चरण सिंह के बयान पर ही है । आपने जवाब दे दिया ।

*Interruptions*)

श्रीमन्, मैं जानना चाहता हूं कि जब वित्त मंत्री यहां पर मौजूद हैं तो उनको ही जवाब देना चाहिए। हम उनकी ही बात सुनने के

लिए आए हुए हैं। हम दूसरे मिनिस्टर की बात सुनने के लिए नहीं आए हैं...

उपसभाध्यक्ष (श्री श्याम लाल यादव): अब आप अपना स्थान ग्रहण कीजिये।

श्री जुल्फिकारउल्ला : क्या ऑनरेबल मेम्बर भी इस क्वेश्चन पर सवाल करना चाहते हैं ?

श्री कल्पनाथ राय : श्रीमन् इनको डायरेक्टिव दीजिये कि वित्त मंत्री इसका जवाब दें....

*(Interruptions)*

उपसभाध्यक्ष (श्री श्याम लाल यादव): आप अब स्थान ग्रहण कीजिये।

श्री कल्याण राय : श्रीमन् आप इनको......

*Interruptions)*

SHRI SADASIV BAGAITKAR (Maharashtra): I am on a point of order. Hon'ble Members are raising objection that the Minister of State should not reply. May I know under what Rule the hon'ble Members are raising objection? I want your ruling. *(Interruptions)* You cannot dictate. I am on a point of order. Please enlighten me under what Rule they are objecting. There is no such rule. How can they force...

श्री कल्पनाथ राय : श्रीमन आप वित्त मंत्री को डायरेक्टिव दीजिये कि वे इन बातों का जवाब दें।

SHRI DEVENDRA NATH DWI-VEDI (Uttar Pradesh): Sir, this morning there was a Calling Attention motion before (the House. - There were matters over which certain hon' Ible Members were feeling exercised... *(Interruptions)* will you please let me make my point? The House was s» much exercised that we demanded that the Minister of Home, Mr. H. M. Patel, who was preoccupied in fthe other House should come and answer the queries of the Members. The Leader of the House. Mr. Advani, in his wisdom came and appreciated that the matter was of such a serious nature that if Members did not feel satisfied by /the replies of the Minister of State he would refer it to the Home Minister. It was the Leader of the House who suggested that the discussion be postponed till the Home Minister came and answered. Now, the matter under consideration is very serious. I should have thought that the hon'ble first Deputy Prime Minister and Finance Minister in his wisdom oughjt to have got up and replied. I think courtesy, seriousness and a sense of responsibility on his part demanded that he ought to have got up and replied. Therefore, I would request the Chair to request the Deputy Prime Minister himself to reply and not allow the Minister of State who is not a very competent person to reply.

SHRI PRANAB MUKHERJEE (West Bengal): Sir, I am on a point of order. Sir, the questions and the observjfcions made by the mover of the half-an-hour discussion relate largely to the statement which has been made by the hon'ble Deputy Prime Minister and Finance Minister on the floor of the other House. Therefore, in all propriety and fitness of things when the Finance Minister is present here it is better for him to reply to the debate. I would not mind a junior Minister replying but the question relates largely to his observation. It is not the observation of Mr. Zulfiquarullah. It is the observation of Mr. Charan Singh that there was a trunk. It is the observation cf Mr. Charan Singh that somebody was seen running away with the trunk...

SHRI ZULFIQARULLAH: That is not correct.

SHRI PRANAB MUKHERJEE: Mr. Zulfiqarullah, I am on my legs.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHY AM LAL YADAV): Let him conclude.

6 P.M.

SHRI PRANAB MUKHERJEE: The points which the hon. Member has referred to specifically relate to certain observations of Mr. Charan Singh not in the capacity of Minister but in his capacity as an individual Member on the floor of the other House. Therefore, he should be satisfied.

*(Interruptions)*

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LABOUR AND PARLIAMENTARY AFFAIRS (DR. RAM KRIPAL SINGHA): Sir, with your permission I would like to draw your attention. It is not correct to say that this half-an-hour discussion is to discuss what the hon. Finance Minister said in the other House. This discussion arose out of the answer given to Unstarred Question No. 15 on the 20th February in this House. This does not arise out of anything raised in the other House by the hon. Finance Minister. Secondly, Sir, I would request the hon. Members not to raise this point again and again in this House whenever a Minister of State starts answering any question. This has of late become, I think, customary on the part of the hon. Members.

*(Interruptions)*

SHRI PRANAB MUKHERJEE: It is unfair.

DR. RAM KRIPAL SINHA: I appeal, Sir . . . (Interruptions).

SHRI PRANAB MUKHERJEE: We take serious exception to this observation. (Interruptions)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHY AM LAL YADAV): Order, please.

DR. RAM KRIPAL SINHA: ON the unstarred question....

*(Interruptions)*

SHRI PRANAB MUKHERJEE: We have not raised any objection. It is not proper to say like that.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE AND IRRIGATION (SHRI BHANU PRATAP SINGH): Sir,.. .

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHYAM LAL YADAV): Only on this point. Be very brief. (Interruptions) .

SHRI RAMANAND YADAV (Bihar): Sir, .... (Interruptions).

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHYAM LAL YADAV): I have called hirn.

**श्री रामानन्द यादव** : उपसभाध्यक्ष जी, मैं इसी विषय पर कुछ कहना चाहता हूं । उपसभाध्यक्ष जी, यहां पर उप प्रधानमंत्री और फाइनेंस मिनिस्टर इस समय उपस्थित हैं और इस समय जो विषय यहां पर है वह इस देश की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस (आई) की अध्यक्षा के साथ सम्बन्ध रखता है, भूतपूर्व प्रधानमंत्री के साथ इस विषय का सम्बन्ध है, जिसने 11 वर्षों तक इस देश पर शासन किया । यहां पर उप प्रधान मंत्री श्री चरण सिंह उपस्थित हैं। उनके विभाग के साथ यह मैटर संबंध रखता है । इसलिये हम लोग चाहेंगे कि इसका जवाब खुद उस विभाग के मंत्री और जनता सरकार के जो उप प्रधानमंत्री हैं वही दें । इससे घटिया कोई मंत्री जवाब देगा तो हम लोग सुनने को तैयार नहीं हैं। *(Interruptions)*

6 P.M.

SHRI SADASIV BAGAITKAR: Sir, what is this? I am on a point of order. Is it a parliamentary word?

*(Interruptions)* SHRI BHANU PRATAP SINGH: Sir.... *(Interruptions).*

SHRI ANANT PRASAD SHARMA: He is a Minister.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHYAM LAL YADAV).; On a point of order a Minister also can speak.

SHRI ANANT PRASAD SHARMA: On a point of order.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHYAM LAL YADAV): When one point of order is there, another point of order cannot be raised. *(Interruptions)*

SHRI ANANT PRASAD SHARMA: I am not going to make . . .

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHYAM LAL YADAV): While the House is considering one point of order, another point of order cannot he raised. Let me dispose of it first. He is a Minister; he has a right.

SHRI BHANU PRATAP SINGH: I am a Member of this House also.

SHRI ANANT PRASAD SHARMA: That is why I am raising a point of order. Please give a ruling. The Minister concerned is here. The Deputy Prime Minister is here. If you are allowing him, please give your ruling that any Minister can speak on this subject.

SHRI BHANU PRATAP SINGH: On this limited point . . . *(Inter.* ruptions)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHYAM LAL YADAV): On this limited point of order let me hear the Miniver. Then I will hear Mr. Kalpnath Rai. Here is Mr. Bhanu Pratap Singh also.

AN HON. MEMBER: He is a Member of this House. *(Interruptions)* .

**श्री भानु प्रताप सिंह** : मैं आपके द्वारा माननीय सदस्यों को यह भी बतलाना हूं कि चाहता मैं इस सदन का सदस्य भी हूं और सदस्य की हैसियत से बोलने का मुझे अधिकार है । मैं दो तीन बुनियादी प्रश्न आपके सामने उठाना चाहता हूं । पहला तो यह कि जब कोई प्वाइंट आफ आर्डर उठाए तो उसको यह बतलाना पड़ेगा कि कौन से नियम का भंग हुआ है । इस प्रकार से उठ कर प्वाइंट आफ आर्डर पर जो चाहे सो कहें ऐसा तो नहीं होना चाहिए । यह होना चाहिए कि कहां पर नियमावली का भंग हो रहा है, उसका उल्लेख करना चाहिए । दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि आप कृपा कर के अपनी रूलिंग दीजिए कि क्या मिनिस्टर आफ स्टेट सरकार की तरफ से उत्तर दे सकता है या नहीं दे सकता है ? क्या यह संयुक्त जिम्मेदारी की जो परम्परा है उसको यहां माना जाएगा या नहीं माना जाएगा ? मैं इसलिए कहना चाहता हूं कि सुबह भी यह प्रश्न उठा और काफी हंगामा हुआ और अभी भी माननीय सदस्य कह रहे हैं । आप यह रूलिंग दें कि इसको माना जाएगा या नहीं । अगर आप निर्णय कर लें कि मिनिस्टर आफ स्टेट को जवाब देने का नहीं है तो यह भी मालूम हो जाना चाहिए । जब कोई प्रश्न उठता है और मिनिस्टर आफ स्टेट जवाब देने के लिए खड़ा होता है तो हंगामा मच जाता है कि कैबिनेट मिनिस्टर को बुलाया जाए । तो मैं यह कहना चाहता हूं कि इस तरह का व्यवहार करना कि कैबिनेट मिनिस्टर न भी हो तो भी उसको जवाब देना होगा, यह ठीक नहीं है । या तो आप निर्णय कर दें और कह दें कि मिनिस्टर आफ स्टेट को जवाब देने का नहीं है । मैं दूसरी बात यह निवेदन करना चाहता हूं कि प्रश्नों की गम्भीरता को देखते हुए कैबिनेट मिनिस्टर को बुलाने की बात कही जाती है । इस प्रकार से यह भी निर्धारित हो जाए कि कौन से प्रश्न ऐसे हैं, कौन से सब्जैक्ट ऐसे हैं जिन पर मिनिस्टर आफ स्टेट बोल सकते हैं और कौन से ऐसे हैं जिन पर नहीं बोल सकते हैं । यह बात स्पष्ट हो जानी चाहिए । सुबह का हवाला दिया गया । मैं समझता हूं कि सुबह भी गलती हुई लेकिन इस कारण से . . .

SHRI DEVENDRA NATH DWIVEDI: You are a new-comer.

**श्री भानु प्रताप सिंह** : न्यू कमर का सवाल नहीं है । न्यू कमर के मायने यह नहीं हैं कि आप अनियमिततायें बरते चले जाएं

[श्री भानु प्रताप सिंह]

और सदन को चलाने की जो परम्परा है उसको भंग कर दिया जाए । मैं इस बात पर आपकी स्पष्ट रूलिंग चाहता हूं । स्टेट मिनिस्टर को प्रश्नों का उत्तर देने का है या नहीं, अगर आप कहते हैं कि गम्भीरता के अनुसार उसको आना चाहिए तो आप गम्भीरता कैसे समझेंगे, किस विषय पर कैबिनेट के मंत्री को आना चाहिए, इनका स्पष्टीकरण मैं आपसे चाहूंगा ।

SHRI GIAN CHAND TOTU (Himachal Pradesh): The hon. Minister has said that while raising a point of order one should quote the Rule Number. May I know under which Rule the hon. Minister was speaking? *(Interruptions).*

SHRI SHRIKANT VERMA (Ma-dhya Pradesh): Sir, it is very important. In the Lok Sabha . . .

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHY AM LAL Y/ADAV): Mr. Verma, pleased take your seat. You can speak after Mr Kalpnath Rai- One by one you can speak.

श्री कल्पनाथ राय : उपसभाध्यक्ष महोदय, अभी अभी भानु प्रताप सिंह जी ने रूल्ज की बात की है । पूरा सदन जानता है कि रूल्ज के अलावा कन्वेंशंस भी होती हैं । इसी सदन में जब किसी प्रश्न पर सदन ने मांग की कि कैबिनेट मिनिस्टर ही जवाब देंगे तो ऐसा हुआ । चौधरी चरण सिंह के बयान के बाद ही इस तरह की स्थिति हुई कि हम लोगों ने हाफ-एन-आवर डिसकशन मांगी और जब कि वे यहां पर मौजूद हैं वे ही यह बतायें कि उन्होंने बयान दिया या नहीं दिया, यदि दिया तो क्या बयान दिया ? इसलिए हम लोग यह जानना चाहते हैं । चौधरी चरण सिंह के वक्तव्य के बाद ही हम लोगों ने इस बात को उठाया और हमें इस बात का गहरा दुःख है कि उन्होंने बयान दिया है या नहीं दिया है उनसे ही इसका जवाब मिलेगा । यदि नहीं दिया है तो भी हम उन्हीं से जानना चाहते हैं । वे सदन में मौजूद हैं और हम चाहते हैं कि स्वयं वित्त मंत्री जवाब दें । हम दूसरे मंत्री की बात नहीं सुनना चाहते जब कि वे यहां पर मौजूद हैं। आपके सामने स्टेट मिनिस्टर श्री राम कृपाल मौजूद हैं, जब हम लोगों ने मांग की कि प्रधान मंत्री की बात हम सुनेंगे तो प्रधान मंत्री को लेकर आए और प्रधान मंत्री ने हमको जवाब दिया । एक परम्परा को तोड़ना यह अच्छी बात नहीं होगी । यह कनवेंशन है । उपसभाध्यक्ष जी, आप अध्यक्ष जी की कुर्सी पर बैठे हैं और उप-प्रधान मंत्री आपकी तरफ इशारा कर रहे हैं, यह कोई बात है . . .

**(Interruptions)**

उपसभाध्यक्ष (श्री श्याम लाल यादव) : हमारी तरफ कोई इशारा नहीं कर रहे हैं ।

श्री श्रीकांत वर्मा : श्रीमन्, मैं एक प्वाइंट आफ आर्डर उठाना चाहता हूं

उपसभाध्यक्ष (श्री श्याम लाल यादव): अब प्वाइंट आफ आर्डर नहीं होगा । अगर इसी प्वाइंट आफ आर्डर पर कुछ कहना है तो ठीक है नहीं तो कुछ नहीं ।

श्री श्रीकांत वर्मा : यही प्वाइंट कह रहा हूं । इस संसद् के दो सदन हैं, एक लोक सभा और एक राज्य सभा है । लोक सभा में जब यह सवाल आया. . .

एक माननीय सदस्य : लोक सभा की बात क्यों उठाते हैं . . .

श्री श्रीकांत वर्मा : जब इसी तरह का सवाल आया तब वहां उप प्रधान मंत्री और वित्त मंत्री महोदय चौधरी चरण सिंह ने इस प्रश्न पर प्रकाश डाला और कुछ नये तथ्य प्रकाशित किये कि एक आदमी सूटकेस लिये जाता हुआ दिखाई पड़ा । अतः यह इस सदन का अपमान होगा कि चौधरी चरण सिंह, उप प्रधान मंत्री के उपस्थित होते हुए, उनसे जूनियर मिनिस्टर उस सवाल पर प्रकाश डाले । यदि ऐसा होना था

तो वहां भी यही होना था। अन्यथा यह इस सदन की अवमानना होगी।

**श्री जुल्फिकारउल्ला :** यह आधे घंटे का डिसकशन जो बुलाया गया है वह एक सवाल 15 नम्बर अनस्टार्ड के सिलसिले में बुलाया गया है। उसका जवाब मैंने दिया था 20 तारीख को ..... *(Interruptions)* तो उसी के सिलसिले में क्योंकि इसके अलावा किसी और चीज पर डिसकशन नहीं हो रहा है इसलिए मुझे यह अर्ज करना है और फिर डाइरेक्ट टैक्सेज को डाइरेक्ट में ही देख रहा हूं और यह भी जाहिर है .... *(Interruptions)* इसलिए मैं समझता हूं कि आपको मानना पड़ेगा कि मुझे हक हासिल है कि मैं इसका जवाब दूं।

**उपसभाध्यक्ष (श्री श्यामलाल यादव) :** माननीय सदस्य कृपया स्थान ग्रहण करें। माननीय सदस्यों को यह अधिकार प्राप्त है कि वे अपने प्रश्नों पर या विवादग्रस्त प्रश्नों पर सरकार से स्पष्टीकरण मांगें और यह बात भी स्पष्ट है कि अध्यक्ष इस बात पर इन्सिस्ट नहीं कर सकता कि कौन मंत्री जवाब दे। जो संबंधित मंत्री होता है वह जवाब देता है। लेकिन जब उप प्रधान मंत्री यहां मौजूद हैं और सदन की राय को देख रहे हैं तो मैं आशा करता हूं कि इसको ध्यान में रखते हुए सरकार मुनासिब तरीके से काम करेगी।

**श्री जुल्फिकारउल्ला :** मैं यह चाहता हूं कि मैं जवाब दे दूं। फिर अगर हमारे उप-प्रधान मंत्री जी चाहेंगे तो कुछ कह सकते हैं। लेकिन जवाब तो मेरा सुन लीजिए ... *(Interruptions)*

**श्री कल्प नाथ राय:** नहीं, नहीं ..... *(Interruptions)*

प्वाइंट आफ आर्डर है।

**उपसभाध्यक्ष (श्री श्यामलाल यादव) :** ठीक है, अब स्थान ग्रहण करिये। अब प्वाइंट आफ आर्डर नहीं होगा। अब बात समाप्त हो गयी है।

SHRI DEVENDRA NATH DWIVEDI; He is showing lack of respect to the Chair. Mr. Vice-Chairman, Sir, if I have understood correctly, for all practical purposes you have asked the Deputy Prime Minister to speak. He shows lack of respect to everybody except to himself. I would request with folded hands to Choudhary Saheb to please obey the Chair. Understand what the Chair has said. Please get up. Do not be obstinate as you always are.

**श्री अनन्त प्रसाद शर्मा :** आपने जो कहा है वह बिल्कुल साफ है अब उनके विवेक के ऊपर है कि वे बोलें।

**उपसभाध्यक्ष (श्री श्याम लाल यादव) :** अब आप कृपया सुनिये।

**श्री जुल्फिकारउल्ला :** आनरेबल मेम्बर साहब ने जो भी जोर दिया है। वह इस बात पर दिया है कि गवर्नमेंट के आफिसर ने जिस रेट को अथराईज किया है वह गवर्नमेंट ने किया है इस सिलसिले में मुझे यह अर्ज करना है कि उन्होंने गालिबन इन्कम टैक्स एक्ट को सही तरीके से नहीं देखा ....

**श्री कल्प नाथ राय :** उन्होंने पढ़ा नहीं।

**श्री जुल्फिकारउल्ला :** अगर पढ़ा होता तो ऐसा नहीं कहते .... *(Interruptions)* बहरहाल एक्ट मौजूद है और एक्ट इम्पावर करता है, मैं उसे पढ़ देना चाहता हूं ... देखिए एक्ट एम्पावर करता है किसी कमिश्नर को या डाइरेक्टर आफ इन्सपेक्शन इन्वेस्टिगेशन को और उन दोनों में से कोई भी जब उसको ऐसी इनफर्मेशन मिले कि कहां पर गलत किस्म का रुपया, एकाउन्ट से आगे रुपया या कोई और सामान मौजूद है, तो उसको यह अधिकार है कि वह आथोराइजेशन अपने किसी असिस्टेंट के नाम इशू कर दे

[श्री जुल्फिकारउल्ला]

ग्रौर वह जाकर वहां की तलाशी ले सके। इस सिलसिले में यह गलतफहमी मेरे दोस्त दूर कर दें कि यह गवनमेंट ने ग्राडंर किया है। गवर्नमेंट ने यह ग्राथोराइज नहीं किया ग्रौर न गवर्नमेंट को ग्रख्तियार ही है ग्राथोराइज करने का।

SHRI YOGENDRA MAKWANA (Gujarat): Does your Commissioner act on hearsay?

श्री जुल्फिकारउल्ला : इसलिये यह स्टैच्यूट के मातहत ग्राथोराइज किया गया है ग्रौर वह स्टैच्यूट बहुत क्लियर है कि वह दो ही ग्रादमियों को इजाज़त देता है ग्राथोराइजेशन इशू करने के लिये। उसमें एक कमिश्नर कहीं का भी हो सकता है इन्कम-टैक्स का या डायरैक्टर ग्राफ इनवैस्टिगेशन। डायरैक्टर ग्राफ इनवैस्टिगेशन ने इस रेड को ग्राथोराइज किया है ग्रौर उस वक्त किया है जब उसने यह यकीन कर लिया कि जो इनफर्मेशन मिली है उसके सही होने की काफी ग्राशा है ग्रौर उम्मीद है। इसलिये प्राइमा-फेसाई वही चीज हो सकती है। ..... *(Interruptions)* .

श्री ग्रनन्त प्रसाद शर्मा : ग्रौर मुहं काला करके लौट ग्राये।

श्री जुल्फिकार उल्ला : प्राइमा-फेसाई जब तक वे इस कनक्लूजन पर न पहुंच जाएं कि जो खबर दी गई है, वह सही हो सकती है, उस वक्त तक ग्राथोराइज करने का ग्रधिकार भी नहीं है। जब उसने यकीन कर लिया कि जो इत्तिला मिली है, सही मालूम होती है, तब उसने ग्राथोराइज किया। यह जरूरी नहीं है कि जो इत्तिला मिले वह सौ फीसदी सही हो। बहुत से ऐसे रेड हुए हैं जहां इत्तिला बहुत थोड़ी थी, लेकिन सरमाया कहीं ज्यादा मिला है ग्रौर बहुत से रेड ऐसे भी हुए हैं कि जहां इत्तिला सही मालूम होती थी, लेकिन कुछ नहीं मिला। लेकिन इसके मायने यह नहीं कि इत्तिला पर भरोसा न किया जाए। यदि भरोसा नहीं किया जाए तो फिर एक्ट का प्रोविज़न बेकार हो जायगा। यह एक्ट का ही प्रोविज़न है। .. *(Interruptions)* चुनांचे इसीलिये उस पर एक ग्रफसर ने जो गवर्नमेंट का ग्रफसर है ग्रौर बड़ा रिसपान्सिबल ग्रफसर है, उसने यह देखा कि यहां पर जो उसे इनफर्मेशन मिली है यह सही मालूम होती है तो उसने उसको जाकर ग्राथोराइज कर दिया ग्रपने ग्रसिसटैंटस को जिसमें कई ग्रफसर थे कि तुम जाकर देखो ग्रौर तलाशी लो। उसने भी ग्राथोराइज महज इसलिये किया चूंकि कहा यह गया था कि मेटल डिटैक्टर बरी किया गया है, जमीन को खोदा भी नहीं गया।

मेरे दोस्त ने एक बात ग्रौर कही है कि वहां जो पंचनामे पर जिस गवाह ने दस्तखत किये हैं उसने कहा कि कोई मोटर नहीं ग्राई। मेरे दोस्त को पूरी जानकारी नहीं है मामलात की? मोटर उस वक्त नहीं ग्राई जब तलाशी हो रही थी। जब ग्राथोराइजेशन इशू हुई, उससे बहुत पहले मोटर वहां खड़ी थी ग्रौर जब मोटर जा चुकी थी तो उस ग्रफसर को शुबहा हुग्रा ग्रौर उसने कहा कि वैल्यूएबल्स उसमें गये हैं। तब उसने कहा कि सारे वैल्यूएबल्स तो नहीं जा सकते।

SHRI PRANAB MUKHERJEE: The Minister is telling utter falsehood Absolutely baseless Uttar falsehood! (Inter7-Uptions).

श्री जुल्फिकारउल्ला : लिहाजा जब मोटर वहां से चली गई तो पंचनामे के लिये जो गवाह की बात है वे तो वहां बहुत बाद में पहुंचे हैं.. *(Interruptions)* वे तो वहां तब पहुंचे हैं जब मिसेज इन्दिरा गान्धी की फैमिली के लोग वहां ग्रा गये थे क्योंकि उन्होंने *(Interruptions)*. इससे पहले कोई तलाशी नहीं ली जा सकी। इसलिये दोस्तों को यह गलतफहमी दूर कर देनी चाहिये। जहां तक इसमें कहा गया है कि .. *(Interruptions)*

श्री अनन्त प्रसाद शर्मा : मैं सवाल पूछना चाहता हूं ।

उपसभाध्यक्ष (श्री श्याम लाल यादव) : आडर प्लीज, पहले जवाब सुन लीजिये । तब सवाल करें ।

श्री जुल्फिकारउल्ला : जहां तक यह कहा गया है कि पोलिटिकल बदला लेने की भावना थी . . . *(Interruptions)* गवर्नमेंन्ट पिक्चर में नहीं आती । गवर्नमेंट और गवर्नमेंन्ट के अफसर को एक नहीं बताया जा सकता . . . . . *(Interruptions)* इसलिये कि दोनों की अलैहदा अलैहदा आईडैन्टिटी है ।

श्री प्रणब मुकर्जी : यह बताएं कि दोनों में क्या डिफरेंस है ? . . . *(Interruptions)*

श्री जुल्फिकारउल्ला : स्टैच्यूट में गर्वनमेन्ट अफसर को आथारिटी मिली है और . . *(Interruptions)* इसलिये मैं यह दर्खास्त करूंगा कि इन तमाम . . . *(Interruptions)*

SHRI PRANAB MUKHERJEE: Please ask him to explain the difference between "Government" and "Government officers".

SHRI DEVENDRA NATH DWIVEDI: I am on a point of order.

श्री जुल्फिकारउल्ला : . . . *(Interruptions)* मैं इन दोस्तों को याद दिलाना चाहता हूं कि जो . . . .

SHRI DEVENDRA NATH DWIVEDI: I am on a point of order.

उपसभाध्यक्ष (श्री श्याम लाल यादव) : इस तरह से सवाल आप नहीं पूछ सकते हैं । कृपया बैठिए ।

SHRI DEVENDRA NATH DWIVEDI; I want to raise a point of order and I want your ruling. The honourable Minister of State for Finance has made.

SHRI SUNDER SINGH BHAN-DARI (Uttar Pradesh); Under what rule are you raising your point of order?

